तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 10 जुलाई 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 भारतीय खान ब्यूरो ने मेटाबोदली खदान...



14 उल्लास साक्षरता कार्यक्रम, परीक्षा...



## खबर संक्षेप

### सेवानिवृति पर साहू का विद्यालय और ग्रामवासियों ने किया सम्मान



**चारामा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खरथा में पदस्थ टेकेश्वर राम साहू का सेवानिवृत होने पर विद्यालय परिवार और ग्रामवासियों ने सम्मान किया। जैसाकर्रा निवासी टेश्वर राम साहू को सम्मानित किया गया। उनकी प्रारंभिक शिक्षा गृहग्राम जैसाकर्रा एवं हाई स्कूल शिक्षा कक्षा 9 वीं से 11 वीं हायर सेकेण्डरी स्कूल चारामा से हुई। उच्च श्रेणी शिक्षक के रूप में प्रमोशन होकर पूर्व माध्यमिक शाला खरथा में 18 मई 2012 में पदस्थ रहे। 21 जून 2021 से पूर्व माध्यमिक शाला खरथा में प्रधानाध्यापक के पद पर 30 जून 2025 तक रहे। 39 वर्ष 5 माह 29 दिन तक शिक्षकीय कार्य करते हुए सेवानिवृत्त हुए।

### माटवाड़ा मोदी के चार वरिष्ठजनों को मिली छड़ी



**कांकेर।** ग्राम पंचायत माटवाड़ा मोदी में समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन हितग्राहियों का आधार, मोबाइल भौतिक सत्यापन के दौरान ग्राम के चार वरिष्ठजन दुलारी पटेल, लीलाबाई उसेण्डी, शिबती नेताम एवं फूलबती को छड़ी प्रदाय की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि तथा समाज कल्याण के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आईटीआई में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 11 को

**कांकेर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कांकेर में 11 जुलाई शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। संस्था के अधीक्षक ने बताया कि जीनस पावर इन्फ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड द्वारा फील्ड टेक्निशियन पद पर नियुक्ति के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिमाह 15 हजार रूपए वेतन प्रदाय किया जाएगा। उक्त पद के लिए आईटीआई विद्युतकार, डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल इंजी., बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजी. उत्तीर्ण अथवा किसी भी व्यवसाय जिसे विद्युत संबंधी कार्यानुभव उम्मीदवार हैं, वे उक्त कैम्प में शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा इच्छुक उम्मीदवार आवेदन के लिए का उपयोग करें।

### घायल की इलाज के दौरान मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** छोटेबेठिया थानांतर्गत छोटेबेठिया निवासी 29 वर्षीय गोसरू राम पद्दा का इलाज के दौरान 6 जून को धमतरी के अस्पताल में मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवक ने अज्ञात कारणों के चलते लगा ली फांसी

**कांकेर।** कच्चे चौकी अंतर्गत आवासपारा साल्हे निवासी 35 वर्षीय देवेंद्र सेवरिया ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। साल्हे निवासी 25 वर्षीय लिखेंद्र सेवरिया ने पुलिस को बताया कि 8 जुलाई को सुबह साढ़े 11 बजे युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने घर में लगाई फांसी, चली गई जान

**कांकेर।** पखंजुर थानांतर्गत पीव्ही 112 निवासी 29 वर्षीय देवजीत गाईन ने अपने घर में 8 जुलाई को शाम 4 बजे रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक ने फांसी लगाकर आत्महत्या क्यों की यह अभी पता नही चल शेष पेज 12 पर

# गुरुपूर्णिमा पर्व पर मालव्य एवं गुरु आदित्य योग का रहेगा संयोग

## श्रद्धा और भक्ति के साथ आज मनाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ आज मनाया गया। यह दिन भारतीय संस्कृति में गुरुओं को समर्पित होता है, जो अपने शिष्यों को न केवल शिक्षा, बल्कि जीवन के नैतिक और आध्यात्मिक मूल्य भी प्रदान करते हैं। गुरू पूर्णिमा, आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन आदिगुरु वेदव्यास का जन्म हुआ था, जिन्होंने वेदों का संकलन और महाभारत की रचना की थी। इसीलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। व्यास पूजा को व्यास पूर्णिमा, आषाढ़ पूर्णिमा, वेदव्यास जयंती और गुरु पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। यह दिन महर्षि कृष्णद्वैपायन वेदव्यास की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जिन्होंने वेदों का संकलन और वर्गीकरण करने के साथ ही महाभारत जैसे महान ग्रंथ की रचना की है। इसलिए उन्हें हिन्दू धर्म में आदि गुरु अर्थात प्रथम गुरु के रूप में पूजा जाता है। इसके अलावा उनका ज्ञान और कार्य मानवता के लिए इतने महत्वपूर्ण थे कि उन्हें गुरु परंपरा की नींव रखने वाला माना जाता है। यही कारण है कि उनके जन्मदिन की सालगिरह को हर साल गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। 10 जुलाई गुरुवार को चंद्रमा का गोचर धनु राशि में होने जा रहा है। गुरुवार का दिन होने से गुरु ग्रह का प्रभाव पूरे दिन रहेगा।

■ गुरु का होगा पूजन, शिष्य लेंगे आशीर्वाद

### उभयचरी योग बनेगा

गुरु ग्रह और सूर्य के बीच युति संबंध बनने से गुरु आदित्य योग का निर्माण होने जा रहा है, जबकि गुरु और शुक्र कल द्विद्वादश योग के अलावा शुक्र मालव्य राजयोग भी बन रहा है। इसके साथ ही साथ सूर्य के आगे और पीछे दोनों तरफ शुभ ग्रह रहेंगे, जिससे उभयचरी योग बनेगा। आज के दिन पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र के संयोग में ऐंद्र योग भी बनने जा रहा है।



### गुरुओं के प्रति श्रद्धा और सम्मान का दिन

गुरु पूर्णिमा केवल महर्षि वेदव्यास के जन्म का दिन नहीं है, बल्कि यह उन सभी गुरुओं के प्रति आभार प्रकट करने का अवसर है, जिन्होंने हमारे जीवन में ज्ञान और और मार्गदर्शन दिया है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि गुरु का स्थान जीवन में सर्वोपरि होता है, क्योंकि वही हमें अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं. इस दिन गुरुओं का पूजन, उनका आशीर्वाद लेना और श्रद्धा से स्मरण करना अत्यंत शुभ माना जाता है।

**मौसम :** मक्का एवं अन्य फसल लेने वाले किसान हो रहे है चिंतित

# दस दिनों से लगातार बारिश होने से खेतों में भरा पानी, किसानों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले में बीते 10 दिनों से लगातार हो रही बारिश ने एक ओर जहां आम जनजीवन को कुछ परेशानियाँ दी हैं, वहीं दूसरी ओर किसानों के लिए यह मौसम वरदान साबित हो रहा है। लगातार वर्षा के चलते खेतों में पर्याप्त जलभराव हो गया है, जिससे खरीफ फसलों की बुवाई में जबरदस्त तेजी आई है। किसानों के हिसाब से हो रही बारिश से किसानों के चेहरे खिले हुए है। किसानों का कहना है कि कुछ दिन के लिए धूप निकल जाएं तो धान के अलावा अन्य फसल बोने वाले किसानों को भी लाभ मिलना तय है।

■ मौसम खुल जाने से सभी प्रकार की फसल लगाने वाले किसानों को होगा लाभ

जानकारी के अनुसार जून माह के अंतिम दिन से शुरू हुई बारिश लगातार हो रही है और उसी दिन से सूर्य भगवान के दर्शन तक नहीं हुए है। तेज बारिश के बजाए रूक रूककर बारिश हो रही है, जिससे अब किसानों के खेतो में पानी भर गया है। जिलेभर में अच्छी बारिश होने से किसान धान, अरहर और मक्का जैसी फसलों की बुवाई लगभग पूरी हो चुकी है। बारिश अब ज्यादा हुई तो मक्का की फसल को नुकसान हो सकता है। यह बारिश धान के लिए बरदान साबित हो रही है। खेतों में पानी भरने से अब उन्हें सिंचाई की चिंता नहीं करनी पड़ेगी, जिससे उत्पादन बढ़ने की पूरी संभावना है। खेतो में लगातार पानी भर जाने से फसलों की जड़े सड़ने लगती है। धान जैसी फसलें पानी सह सकती है, लेकिन अरहर, मक्का, सोयाबीन जैसी फसलें नमी में बर्बाद हो सकती है। हालांकि लगातार बारिश के शेष पेज 12 पर



### जिले में अब तक 3951 मिमी वर्षा दर्ज

जिले में 01 जून से अब तक कुल 3951.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक सर्वाधिक वर्षा बांदे तहसील में 513.1 मिलीमीटर तथा सबसे कम कोयलीबेड़ा तहसील में 155.9 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार कांकेर तहसील में 200.4 मिलीमीटर, भानुप्रतापपुर तहसील में 413.9 मिलीमीटर, दुर्गुकोंदल में 487.4 मिलीमीटर, चारामा में 357.3 मिमी., अंतागढ़ में 436.5, पखांजूर में 351.6, नरहरपुर में 305.1, सरोना में 271.4 मिलीमीटर और आमाबेड़ा में 459 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में बांदे तहसील में सबसे अधिक 28.3 मिलीमीटर और कांकेर तहसील में सबसे कम 1.4 मिलीमीटर वर्षा आंकी गई है।

### मौसम खुलने की है प्रतीक्षा

कृषि विज्ञान केंद्र के जिला समन्वयक डॉ. बीरबल साहू ने बताया कि दस दिनों से लगातार बारिश हो रही है, इसके चलते धान के अलावा अन्य फसलों के लिए खेत तैयार करने का समय नहीं मिल पा रहा है। किसानों को बुवाई का समय नहीं मिल पा रहा है। मौसम खुलने की जरूरत है, मौसम नहीं खुलने से किसानों को आने वाले समय में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। रोपा पद्धित से धान लगाने वालों के लिए यह पानी उनके लिए वरदान साबित हो रहा है।

# चुनावी वादों की कीचड़ भरी हकीकत मुख्य मार्ग का हाल हो गया बेहाल

## शांतिनगर की सड़कों पर फिसल रहा खोखला विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजुर



क्षेत्र के ग्राम पंचायत चंदनपुर अंतर्गत आने वाले ग्राम शांतिनगर पीव्ही 70 जहाँ साल की पहली बारिश ने ही चुनावी वादों की पोल खोल दी है। इस गांव में आज तक पक्की सड़क न बन पाने के कारण हर साल बरसात में मुख्य मार्ग कीचड़युक्त हो जाती हैं, जिससे ग्रामीणों का जीवन दूभर हो गया है। पैदल चलना तो दूर, बाइक और साइकिल चलाना भी मुश्किल है। आए दिन फिसलन से दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ग्रामीण देवजीत सरकार ने बताया कि हर चुनाव में कांग्रेस और भाजपा दोनों के द्वारा पक्की सड़क बनाने का वादा किया जाता हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद कोई भी इस ओर ध्यान नहीं देता। हम हर साल कीचड़ से भरी सड़कों में फंसे रहते हैं। चुनाव के समय नेता गांव-गांव घूमते हैं, वादों की झड़ी लगाते हैं, लेकिन वोट पड़ते ही अगले 5 साल के लिए गायब हो जाते हैं। शांतिनगर के लोगों का कहना है कि पक्की सड़क के अभाव में उनका जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। स्कूल जाने वाले बच्चों को रोज कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे उनके कपड़े और जूते गंदे होते हैं और अक्सर स्कूल पहुंचने में देरी हो जाती हैं और कभी कभी स्कूल ही नहीं जा पाते है, मरीजों के लिए भी स्थिति दयनीय है, अस्पताल शेष पेज 12 पर

### ग्रामीणों के आरोप


ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और पंचायत को पक्की सड़क बनाने के लिए आवेदन दिए हैं, लेकिन उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उनका मानना है कि अब समय आ गया है। शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधि अपने वादों को निभाएं, ताकि उन्हें कीचड़ भरी सड़कों से मुक्ति मिल सके और विकास के खोखले वादों की हकीकत सामने आ सके।

# कोयलीबेड़ा की 12 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद को अपवर्जित करने जारी हुआ आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 (ड) के तहत

■ परीक्षण के आधार पर चार पंचायतों में नहीं किया गया अपवर्जन




अनुसूचित क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों में सरपंच पद हेतु आरक्षित पदों की अपवर्जन के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आदेश जारी किया है। जारी आदेशानुसार जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा (पखांजूर) की 12 ग्राम पंचायत प्रेमनगर, द्वारिकापुरी, यशवंतनगर, बापूनगर, मायापुर, चाण्क्यपुरी, कृष्णनगर, चंदनपुर, वनश्रीनगर, विजयनगर, विष्णुपुर और राधानगर में आरक्षित वर्ग के मतदाता मौजूद नहीं होने के कारण सरपंच पद के आरक्षण का अपवर्जन किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पखांजूर द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन के आधार पर उक्त ग्राम पंचायतों में अनुसूचित जनजाति वर्ग का कोई भी सदस्य निवास नहीं करता है। ग्राम पंचायतों में सरपंच पद को अनुसूचित जनजाति के आरक्षण यथा स्थिति स्थानों या पद के आबंटन से अपवर्जित किया गया है। यह अपवर्जन उक्त ग्राम पंचायतों के आगामी सामान्य निर्वाचन तक प्रवृत्त रहेगा। इसी तरह कलेक्टर ने जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा की चार ग्राम शेष पेज 12 पर



### सहकार से समृद्धि कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**पखांजुर।** नरेंद्र मोदी विचार मंच के द्वारा सदभावना भवन पखांजुर में 9 जुलाई को एक दिवसीय सहकार से समृद्धि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के ब्लॉक कोयलीबेड़ा, दुर्गूकोंदल, भानुप्रतापपुर और अंतागढ़ के मक्का उत्पादित किसानों को सहकारी समिति बनाकर संगठित करना और इथेनॉल प्लांट एवं बायोमास बैरिकेड का निर्माण करना है। कार्यक्रम में नरेन्द्र मोदी विचार मंच से राकेश मिश्रा, राजकुमार शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण चन्द्र साहा, उपाध्यक्ष शंकर सरकार, जिला पंचायत सदस्य दीपांकर राय, दीपांकर दत्ता, मनोज मंडल, कार्तिक, सुनीता मंडल, पोल्टू कुंडू,राजेश नायर, स्वरूप चक्रवर्ती सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

# सवा करोड़ की धोखाधड़ी करने वाले 5 आरोपियों को हुई जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

एक करोड़ 15 लाख की धोखाधड़ी करने वाले 5 आरोपियों को कांकेर पुलिस ने रायपुर एवं भिलाई से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहाँ से पाँचो आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। इस मामले के अन्य आरोपियों की पतासाजी जारी है। जानकारी के अनुसार डेढ़ माह पहले धोखाधड़ी के दर्ज मामले में पुलिस को पाँच आरोपियों शिवकुमार राजपुत पिता शिवेन्द्र सिंह राजपूत उम्र 53 वर्ष निवासी सरस्वती चैक पुरानी बस्ती रायपुर, गोविन्द बाघ पिता मजिद बाघ उम्र 45 वर्ष निवासी कोटा शिव हनुमान मंदिर के पास सांईनाथ कालोनी रायपुर, श्याम कुमार भोई पिता स्व.सुभाष चंद भोई उम्र 51 वर्ष निवासी रावतपुरा भाटागांव रायपुर, विजय कुमार शर्मा पिता स्व.चन्द्रकांत शर्मा उम्र 52 वर्ष निवासी एम.डी. 69 वीर सावरकर नगर दुर्ग, अनिल केशरवानी पिता स्व.मैकूलाल केशरवानी उम्र 37 वर्ष निवासी सुपेला भिलाई की तलाश थी। इन आरोपियों ने सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड रायपुर के नाम से बनाकर लोगों को रकम निवेश करने पर जमा शेष पेज 12 पर

■ कांकेर पुलिस ने पांचो आरोपियों को रायपुर व भिलाई से किया गिरफ्तार



**दुर्ग के माहुदा में 13 जुलाई को होगी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता**

# अस्मिता खेलो इंडिया वेटलिफ्टिंग में तेरह बेटियां कांकेर का नाम करेंगी रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

अस्मिता खेलो इंडिया वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के तहत जिला स्तरीय वेटलिफ्टिंग चयन ट्रायल प्रतियोगिता में शामिल 30 प्रतिभागी छात्राओं में से 13 ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए जिला टीम में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है और प्रदेश स्तर पर दुर्ग में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में शामिल होंगी। ट्रायल में बेटियों को जज्बा देखने लायक रहा। यह 12 बेटिया राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में कांकेर का नाम रोशन करेंगी, ऐसा उनको एवं उनके कोच को विश्वास है। नारी सशक्तिकरण और ग्रामीण प्रतिभाओं के उभार की एक अनमोल मिसाल जिले में देखने को मिली, जब नरहरपुर विकासखंड में आयोजित जिला स्तरीय वेटलिफ्टिंग चयन में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह आयोजन अस्मिता खेलो इंडिया वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के तहत किया गया, जो कि युवतियों में खेलों के प्रति जागरूकता, प्रतिस्पर्धात्मक भावना और आत्मबल के निर्माण को प्रोत्साहित करता है। चयन भारतीय भारोत्तोलन संघ के नवीनतम मानकों एवं वर्गीकरण के आधार पर किया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कांकेर का प्रतिनिधित्व 44 किग्रा यूथ में किरण सरोज, 44 किग्रा यूथ एवं जूनियर में अंकिता विश्वकर्मा, 48 किग्रा जूनियर में शांता यादव, 48 किग्रा जूनियर में । वसुंधरा नेताम, 48 किग्रा सीनियर में पेनालिका यादव, 53 किग्रा यूथ एवं जूनियर में प्रीति मरकाम, 35 किग्रा यूथ एवं जूनियर में लता नेताम, 58 किग्रा यूथ में बरखा चक्रधारी, 58 किग्रा यूथ एवं जूनियर में चंचल नेताम, 63 किग्रा यूथ एवं जूनियर में ललिता चक्रधारी, 69 किग्रा यूथ एवं जूनियर में ज्योति नेताम, 77 किग्रा यूथ एवं जूनियर में वंदना भास्कर का चयन हुआ है।




### माहुदा में होगी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता

चयनित टीम 13 जुलाई को दुर्ग जिले के माहुदा (झीट), पाटन में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कांकेर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। इन प्रतिभाशाली बेटियों की टीम मैनेजर मिताली, सुमीत घोष और कोच माधुरी साहू होंगी। मैनेजर एवं कोच ने चयनित 13 बेटियों को तकनीकि, मानसिक और शारीरिक रूप से इस चुनौती के लिए तैयार किया है।

# सरोना मंडी परिसर में 14 से होगी शिव महापुराण कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरोना

जिले के नरहरपुर विकासखंड के ग्राम सरोना में आध्यात्मिक चेतना को जाग्रत करने के लिए दिव्य आयोजन की तैयारी जोर-शोर से चल रही है, जो अंतिम चरण में है। ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग से 14 जुलाई से 20 जुलाई तक सरोना मंडी परिसर में सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है, जो श्रद्धालुजन के लिए एक दुर्लभ धार्मिक अवसर साबित होगा। आयोजित शिव महापुराण कथा में पावन कथा का वाचन सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित संगम प्रसाद तिवारी राजिम वाले द्वारा किया जाएगा, जिनकी वाणी से निकली शिव कथा न केवल मन को शांति प्रदान करती है, बल्कि जीवन को धर्म, भक्ति और अध्यात्म की ओर प्रेरित करती है। इस आध्यात्मिक महोत्सव का शुभारंभ 14 जुलाई को प्रातः भव्य कलश यात्रा के साथ किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कलश लेकर भाग लेंगी। कलश शेष पेज 12 पर



■ कलश यात्रा से कथा का होगा शुभारंभ

## खबर संक्षेप

### टूर गाइड ट्रेनिंग के लिए मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा पर्यटक गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जून–जुलाई में किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य के युवक एवं युवतियों को आत्मनिर्भर बनाना तथा राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु उपयुक्त मानव संसाधन तैयार किया जाना है। यह गाइड ट्रेनिग प्रशिक्षण कार्यक्रम इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एण्ड ट्रैवल मैनेजमेंट ग्वालियर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण की अवधि 1 माह की होगी, जिसके लिए स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी पात्र होंगे। अभ्यर्थियों एवं प्रशिक्षणार्थियों को कौशल विकास के लिए निःशुल्क गाइड ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

### स्ट्रीट लाइट की मंद रोशनी से निजात दिलाने की मांग



**धमतरी।** अठवानी गली में बाईपास में 30 फीट रोड का निर्माण कार्य चल रहा है। इससे राहगीरों को राहत मिलेगी। पूर्व पार्षद धर्मेंद्र लोढ़ा, महेंद्र खंडेलवाल, इकबाल खोखर, अशोक वाधवानी, अजय जैन, आशीष शर्मा ने महापौर रामू रोहरा से मुलाकात कर निर्माण कार्य के आभार जताया। साथ ही अठवानी गली टेऊंराम नगर की नालियों से मलबा हटाने, खंबे की स्ट्रीट लाइट की मंद रोशनी, फ़ागिग मशीन से मच्छरों से निजात दिलाने की मांग रखी। महापौर ने सभी बातों को संज्ञान लेते हुए कहा कि जल्द ही इन समस्याओं से वार्डवासियों को राहत मिलेगी।

### शुल्क वृद्धि के खिलाफ एनएसयूआई ने बोला हल्ला



**धमतरी।** शासकीय वेदव्यास महाविद्यालय भखारा में इस शैक्षणिक सत्र में मनमाने ढंग से की गई शुल्क वृद्धि के खिलाफ एनएसयूआई ने मोर्चा खोल दिया है। पूर्व वर्षों की तुलना में इस बार फीस को लगभग दोगुना कर दिया गया है, जिससे विद्यार्थियों और अभिभावकों में असंतोष है। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यह वृद्धि छात्रहित के विपरीत है। यूनिवर्सिटी द्वारा निर्धारित शासकीय शुल्क के अलावा किसी भी प्रकार की अनियमित और मनमानी वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एनएसयूआई ने कॉलेज प्रबंधन को 48 घंटे का समय दिया है। यदि इस अवधि में शुल्क वृद्धि निरस्त नहीं की गई और जिन छात्रों से अतिरिक्त शुल्क वसूला गया है, उन्हें राशि वापस नहीं की गई, तो एनएसयूआई चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत करेगी। पिछले वर्ष जहां जनभागीदारी शुल्क 750 था, वहीं इस वर्ष उसे 950 रूपए कर दिया गया है।

# प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं को मिलेगा 'युवा रत्न सम्मान'

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

■ सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिलेगा पुरस्कार

राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, साहसिक, शैक्षणिक, खेल एवं अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं को उनकी व्यक्तिगत क्षमता में सुधार तथा समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता देने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना लागू की गई है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्र में किए गए अविस्मरणीय कार्य सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए सम्मानित करने और उनमें एक अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से युवा रत्न सम्मान की स्थापना किया गया है। इस कार्य में व्यक्तियों, संगठनों के योगदान को प्रोत्साहित करने मान्यता देने एवं प्रतिष्ठ मंडित करने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रें में कार्यरत व्यक्तियों एवं संगठनों को युवा रत्न सम्मान प्रदाय करने का निर्णय लिया गया है।

## 15 से 29 वर्ष की उम्र के युवाओं को मिलेगा बड़ा मंच

### उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता प्रदान करना है उद्देश्य

युवा रत्न सम्मान योजना का उद्देश्य राज्य में सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षणिक, खेल एवं अन्य क्षेत्र में 15–29 आयु वर्ग के युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों को प्रेरित करना तथा युवाओं में अपने समुदाय के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस प्रकार अच्छे नागरिक के रूप में उनकी व्यक्तिगत क्षमता में सुधार हो, राष्ट्रीय विकास और समाज सेवा के लिए युवाओं द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता प्रदान करना, राष्ट्रीय विकास और समाज सेवा के लिए युवाओं के साथ काम करने वाले स्वैच्छिक संगठनों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता प्रदान करना है।

### प्रदान की जाएगी 1 लाख रूपए का पुरस्कार राशि

छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान असाधारण एवं विशिष्ट सेवा कार्य के क्षेत्र में दिया जाएगा। जिसके अंतर्गत चयनित युवा को 2 लाख 50 हजार रूपए एवं चयनित संगठन को 5 लाख रूपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसी तरह युवा रत्न सम्मान अंतर्गत सामाजिक, साहित्य, नवाचार उद्योग, शिक्षा, खेल, पर्यावरण, महिला एवं बाल विकास, मीडिया, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कला एवं संगीत सांस्कृतिक, लोककला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को 1–1 लाख रूपए का पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

## ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामूहिक भोज के साथ देशभक्ति की मिसाल

# धूमधाम से मनाया गया आईटीबीपी का 18वां स्थापना दिवस, दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

■ माओवाद प्रभावित इलाकों में सुरक्षा का मजबूत कवच बना आईटीबीपी : डीआईजी रोलबा

भारत–तिब्बत सीमा पुलिस आईटीबीपी की 17वीं वर्षगांठ मंगलवार को कोण्डागांव में पूरे सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। सामरिक क्षेत्रीय मुख्यालय भुवनेश्वर के अंतर्गत आने वाली इस इकाई ने समारोह को देशभक्ति, अनुशासन और समाजसेवा की भावना के साथ मनाया। मुख्य समारोह में ध्वजारोहण की रस्म डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल डीआईजी संजीव रोलबा ने निभाई। इस मौके पर बड़ी संख्या में आईटीबीपी के अधिकारी, जवान, उनके परिजन और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के बाद जवानों को संबोधित करते हुए डीआईजी रोलबा ने बल के अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आईटीबीपी न केवल सीमाओं की रक्षा कर रही है, बल्कि छत्तीसगढ़ के माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विशेषकर नारायणपुर और कोण्डागांव में एक मजबूत सुरक्षा कवच बन चुकी है।




### जवानों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम और भोज

स्थापना दिवस के अवसर पर जवानों के लिए विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामूहिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साह से भाग लिया। समारोह ने जहां बल के गौरवशाली इतिहास को सम्मानित किया, वहीं देशभक्ति और एकता का भी संदेश दिया। इसी तरह का उल्लासपूर्ण आयोजन आईटीबीपी के क्षेत्रीय मुख्यालय खोर्द्धा भुवनेश्वर, ओडिशा में भी हुआ, जहां जवानों को सम्मानित किया गया और सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।

### सिर्फ सुरक्षा नहीं, समाजसेवा भी मिशन का हिस्सा

डीआईजी ने इस बात पर भी बल दिया कि आईटीबीपी समाजसेवा के मोर्चे पर भी सक्रिय है। बल द्वारा समय–समय पर आयोजित किए जाने वाले चिकित्सा शिविर, सामुदायिक कार्यक्रम, स्कूली सहयोग, खेल प्रतियोगिताएं और आपदा राहत कार्य ग्रामीण जनता में विश्वास और सहयोग का माहौल बनाते हैं।

### सेवा, सुरक्षा और समर्पण यही है आईटीबीपी की पहचान

यह स्थापना दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि उस भावना का प्रतीक है जो हर आईटीबीपी जवान को देश सेवा के लिए प्रेरित करती है। ऐसे अनुशासित और समर्पित बलों के कारण ही भारत की सीमाएं और आंतरिक सुरक्षा निश्चिंत हाथों में हैं।

# विश्रामपुरी पुलिस ने 8 संदिग्धों पर की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

विश्रामपुरी थाना क्षेत्र में बाहरी राज्यों से आए 8 संदिग्ध व्यक्तियों पर पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। क्षेत्रवासियों द्वारा बताया गया कि ये लोग बिना किसी सूचना के सार्वजनिक स्थानों पर डेरा डालकर रह रहे थे। संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त थे। शिकायतों के अनुसार ये लोग क्षेत्र में गंदगी फैलाने, झगड़े करने और चोरी जैसे अपराधों की आशंका के चलते लोगों में असंतोष फैला रहे थे।

पुलिस अधीक्षक वॉय अक्षय कुमार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी अरुण नेताम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विनोद नेताम ने यह कार्यवाही की। सभी बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। जिनमें से 8 को संदिग्ध पाते हुए कानूनी कार्रवाई की गई। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में काउंसिलिंग ऑनलाइन पंजीयन किया जाएगा 13 तक

**कोण्डागांव।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कोण्डागांव में तकनीकी शिक्षा द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए संस्थान में संचालित सिविल इंजीनियरिंग के 60 सीटों पर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की 60 सीटों पर, मैकेनिकल इंजीनियरिंग की 60 सीटों पर प्रवेश हेतु तृतीय चरण की काउंसिलिग के लिए पंजीयन किया जाएगा। अभ्यर्थी 10 जुलाई से 13 जुलाई तक पंजीयन कर सकते हैं। प्रवेश 19 जुलाई से 22 जुलाई तक ले सकेंगे।

# कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

## अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

■ जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल सुधार करने कहा

कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में फैली अव्यवस्थाओं को देखकर उन्होंने नाराजगी जताई और जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की लैब बंद पाई गई। कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए लैब को जल्द चालू कराने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी को दिए। कलेक्टर ने मरीजों के साथ आने वाले परिजनों को होने वाली असुविधा को देखते हुए अस्पताल परिसर में शेड निर्माण की आवश्यकता जताई। उन्होंने एसडीओ आरईएस को तुरंत शेड निर्माण का इस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था, दवाई वितरण प्रणाली और मरीजों को दी जा रही अन्य सुविधाओं की भी समीक्षा की गई।

### लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। निरीक्षण के समय अपर कलेक्टर चार्ली ठाकुर और सीएमएचओ डॉ. आर.के. चतुर्वेदी भी मौजूद रहे।



# किसान जवान संविधान जनसभा में जिले के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रभारी महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा नेताप्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में किसान जवान संविधान जनसभा का आयोजन हुआ जिसमें प्रदेश सहित धमतरी जिले के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस संदर्भ में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना सहित जिले के समस्त वरिष्ठ नेताओं की बैठक लेकर आवश्यक दिशा - निर्देश दिए थे।

जिला अध्यक्ष शरद लोहाना ने कार्यक्रम को सफल बनाने लगातार स्थानीय नेताओं के साथ बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य किया। धमतरी जिले से हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सुनने पहुंचे। श्री लोहाना ने इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के आयोजन पर महत्वपूर्ण योगदान देने वाले जिले के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।

श्री लोहाना ने आगे कहा कि लगातार बारिश के बावजूद कार्यकर्ताओं का उत्साह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कम नहीं हुआ। कार्यकर्ताओं का पार्टी के प्रति जुनून ही था कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# राज्यस्तरीय बॉक्स क्रिकेट का छाया रोमांच

■ क्रिकेट के इस तेज स्वरूप को धमतरी के खिलाड़ियों ने भी तेजी से अपनाया : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



मानसून कप 2025 के तीसरे दिन का मैच भी बारिश में भी बिना रुके चलता रहा। हर मुकाबले में रोमांच देखने को मिल रहा है। पहला मुकाबला रोहित 11 वर्सेस निखिल 11 के बीच खेला गया। टॉस जीतकर रोहित 11 ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। निखिल 11 ने निर्धारित 6 ओवर में 24 रन बनाये और जीत के लिए रोहित इलेवन की टीम को 25 रनों का लक्ष्य दिया। इस रोमांचक मुकाबले में रोहित इलेवन की टीम विजयी रही।


दूसरा मुकाबला इवनिंग क्लब वर्सेस एनएस फाइटर के बीच खेला गया जिसमें एनएस फाइटर ने बल्लेबाजी करते हुए 37 रन 6 विकेट के नुकसान में बनाए। जवाब में इवनिंग क्लब ने मात्र तीन ओवर में यह मुकाबला अपने नाम कर दिया। इसके पश्चात सेकंड राउंड का तीसरा मुकाबला टर्फ टाइटंस और रॉयल स्ट्राइकर के बीच हुआ। टर्फ टाइटंस टाइटन पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में 46 रन बनाये और रॉयल्स स्ट्राइकर की टीम को 38 रन पर ही समेटकर चार विकेट से मुकाबला अपने नाम किया। चौथा मुकाबला यंग स्टार वर्सेस वायएमसी गोल बाजार के बीच खेला गया। टॉस जीतकर वायएमसी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 6 ओवर में मात्र 20 रन बनाए। इसके जवाब में यंग स्टार की टीम ने 1.2 ओवर में यह लक्ष्य हासिल कर लिया।

सेकंड राउंड का पांचवा मुकाबला रेड टाइगर रायपुर वर्सेस इवनिंग क्लब के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टाइगर की टीम ने 49 रन 5 विकेट खोकर बनाए। जवाब में इवनिंग क्लब मात्र 26 रन बना पाए। इसी तरह रेड टाइगर की टीम ने 23 रनों से यह मुकाबला अपने नाम किया। तीसरे दिन का अंतिम मुकाबला गौरांश सुपर सेवन वर्सेस एनएस जूनियर के बीच खेला गया। एनएस जूनियर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 रन 7 विकेट खोकर बनाए। इसके जवाब में गौरांश सुपर 7 की टीम 29 रन ही बना पाई और इसी तरह एनएस जूनियर ने यह मुकाबला 11 रनो से अपने नाम किया। आयोजन के संरक्षक पं राजेश शर्मा ने कहा कि बॉक्स में क्रिकेट खेलना अलग ही अनुभव है, धमतरी ने इस फ़ास्ट क्रिकेट को फास्ट फारवर्ड तरीके से अपना लिया है।

## जैन संतों का प्रवचन सुनने उमड़ रहे समाजजन

# ज्ञानी भगवंत संसार की वस्तुओं को केवल एक साधन मानते हैं : प्रशम सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





चातुर्मास के लिए जैन मुनियों का नगर में मंगल प्रवेश हुआ। श्री पार्श्वनाथ जिनालय में जैन मुनियों का प्रवचन जारी है। जैन मुनि प्रशम सागर ने प्रवचन के माध्यम से बताया कि श्रावक किसे कहते हैं। जो जिनशासन को मानता है जो परमात्मा की वाणी पर श्रद्धा रखते हैं उसे श्रावक कहते हैं।

श्रद्धा, विवेक और क्रिया जिसके जीवन में आ जाता है, उसे सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र प्राप्त हो जाता है। वह श्रावक कहलाता है। संसार में बड़े से बड़े पदों को प्राप्त करना सरल है जबकि परमात्मा का श्रावक बनना बहुत कठिन है। वास्तव में श्रावक वह होता है जिसकी दिशा वही है जो दिशा पंच परमेष्ठि की है। अर्थात परमात्मा के दिशा की ओर हमारी भी दिशा हो वहीं श्रावक होने की योग्यता रखता है। अगर हमारी और परमात्मा की दिशा एक हो जाए तो अंत में दशा भी एक हो सकती है अर्थात हम भी कभी न कभी परमात्मा बन सकते हैं। हम संसार की वस्तुओं में सुख खोजने का काम करते हैं जबकि ज्ञानी भगवंत संसार की वस्तुओं को केवल एक साधन मानते हैं जिसकी सहायता से हम संसार को कम भी कर सकते हैं और बढ़ा भी सकते हैं। चातुर्मास काल हमारे लिए एक सुअवसर लेकर आया है। इस अवसर का हमें ऐसा लाभ उठाना है कि जिनवाणी और जिनेश्वर परमात्मा हमारे अंतरहृदय में श्रद्धा हो जाए और हम भी भगवान महावीर के एक अच्छे और सच्चे श्रावकों की गिनती में आ सके।

## पेज 11 के शेष

### दस दिनों से...

चलते निचले इलाकों में जलभराव, कुछ जगहों पर कच्चे मकानों को नुकसान और ग्रामीण सड़कों पर कीचड़ की स्थिति भी देखने को मिली है। स्थानीय प्रशासन ने जलभराव वाले क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने भी कहा है कि अभी तक की बारिश औसत से बेहतर है और बारिश रूक रूककर यही रुझान जुलाई के अंत तक बना रहा, तो यह खरीफ सीजन किसानों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो सकता है।

### चुनावी वादों की...

तक पहुंचाना एक बड़ी चुनौती बन जाती है। कीचड़ में फंसे वाहनों को धक्का देना पड़ता है और कई बार तो एंबुलेंस भी गांव में नहीं आ पाती।

### कोयलीबेड़ा की...

पंचायतों में सरपंच पद के अपवर्जन संबंधी प्रस्ताव के परीक्षण उपरांत आरक्षित वर्ग के मतदाता मौजूद होने के कारण अपवर्जन नहीं किए जाने के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र भेजा गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि जनपद पंचायत कोयलीबेड़ी के ग्राम पंचायत रामकृष्णपुर, लखनपुर, दुर्गापुर और पुरूषोत्तम नगर में आरक्षित वर्ग के मतदाता मौजूद हैं, इस आधार पर इन पंचायतों में अपवर्जन किया जाना उचित नहीं होगा।

### सवा करोड़ की...

किया गया राशि का प्रतिमाह 20 प्रतिशत एवं दो माह में डबल तथा जमीन खरीदी बिक्री करने पर 200 प्रतिशत कैशबैक एवं गिफ्ट में कार देने का वादा कर अपनी कंपनी में निवेश करने का लालच एवं झांसा देकर 72 लाख का धोखाधड़ी करने पर उक्त आरोपियों के खिलाफ धारा 318(4), 61(2), बीएनएस, छग निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10 का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपियों के द्वारा एजेंट बनकर उक्त कम्पनी में अन्य लोगों को रकम निवेश कराकर अब तक कुल एक करोड़ पन्द्रह लाख रूपए की धोखाधड़ी होना पाया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के निर्देशन, एएसपी दिनेश सिन्हा एवं एसडीओपी मोहसीन खान के मार्गदर्शन में थाना कांकेर से निकली टीम ने आरोपीगणों के ठिकाने में दबिश देकर 05 आरोपियों को दुर्ग, भिलाई, रायुपर से गिरफ्तार किया गया है एवं अन्य फरार आरोपियों का पता तलाश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने में यह टीम रही शामिलः आरोपियों को गिरफ्तार में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर, उप निरीक्षक सुरेन्द्र मानिकपुरी, आरक्षक राकेश बघेल, आरक्षक वयंत सरोज, आरक्षक दयानंद कुजाम एवं महिला आरक्षक गणेश्वरी कोड़ोपी की अहम भूमिका रही।

### युवक ने घर...

पाया है। पीव्ही 112 निवासी 50 वर्षीय प्रणव गाईन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### सरोना मंडी परिसर...

यात्रा पूरे ग्राम में धार्मिक वातावरण की सृष्टि करेगी और लोगों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। यह आयोजन ग्रामवासियों की सामूहिक भावना और धर्म के प्रति गहरी आस्था का प्रतीक है। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शिव महापुराण कथा का श्रवण करें और पुण्य लाभ अर्जित करें। कथा स्थल पर बैठने, प्रसाद वितरण, जलपान और साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की जा रही है, जिससे श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। कथा प्रतिदिन निश्चित समय पर प्रारंभ होगी और समापन दिवस पर विशेष भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### राहुल बने जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष

**दंतेवाड़ा।** शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा हेतु भाजपा मीडिया प्रभारी राहुल



असरानी को जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने नियुक्ति पर भाजपा शीर्ष नेतृव समेत प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विधायक चैतराम अटामी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह एक जिम्मेदारी है जो विश्वास से मुझे सौंपी गयी है। महाविद्यालय में छात्रों के बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए जो भी प्रयास हो उस हेतु हमेशा पूर्ण रूप से उपलब्ध एवं प्रयासरत रहूँगा, वर्ष 2014 तक आंध्रा यूनिवर्सिटी बीई की डिग्री इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन का छात्र रहते मुझे वापस अपने छात्र जीवन के अनुभव याद आ गए । मेरे महाविद्यालय के छात्र जीवन के अनुभव के माध्यम से आप सभी का सहयोग करने का अवसर मुझे मिला उस हेतु कृतज्ञता व्यक्त करता हुं।

### उल्लास साक्षर केंद्र का दूसरा बैच शुरू



बीजापुर। जिले में अशिक्षितों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और उनकी जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से उल्लास साक्षर केंद्र का दूसरा बैच प्रारंभ किया गया है। यह कार्यशाला 15 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और उन्हें साक्षर बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें विशेष रूप से आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने तथा शिक्षा के माध्यम से उनके भविष्य को संवारने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में स्वयंसेवी शिक्षक सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं, जो समर्पण भाव से ग्रामीणों को शिक्षित करने के कार्य में जुटे हैं। इस पहल के तहत पढ़ाई के लिए पोस्टर, कॉपी, कलम और स्लेट का वितरण किया गया ताकि इच्छुक शिक्षार्थियों को अध्ययन सामग्री की कोई कमी न हो। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया, जिला परियोजना अधिकारी कमल दास झाड़ी, लेखापाल श्रीनिवास, कुमारी स्मृति ठक्कर, उमा शंकर मोरला और मनोज उपस्थित रहे।

## निधन

### केशरमनी पाण्डेय

**जगदलपुर।** करितगांव निवासी केशरमनी पाण्डेय पति स्व. बलभद्र



प्रसाद पाण्डेय उम्र 74 वर्ष का 8 जुलाई की शाम 7 बजे देहावसान हो गया। वे प्रेस फोटोग्राफर संतोष पाण्डेय की माता जी थीं। 9 जुलाई की सुबह 9 बजे करितगांव में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान नाते -रिश्तेदारों सहित गांव के लोग काफी संख्या में मौजूद रहे।

# मन की बात सुनने 50वीं वाहिनी ने ग्रामीणों को बांटे रेडियो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा




कोंटा विकासखंड में सेवा दे रही सीआरपीएफ 50वीं वाहिनी ने संवेदनशील क्षेत्र मोसलमडगु बोदराजपदर एवं वंकापारा गांव के ग्रामीण के लिए सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ सेक्टर के सीआरपीएफ आईजी राकेश अग्रवाल तथा कोंटा रेंज के डीआईजी राजेश पाण्डे के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम प्रेमजीत कुमार कमांण्डेन्ट 50वीं वाहिनी के दिशा निर्देशानुसार किया गया। जिसमें एलारमडगु मोसलमडगु बोदराजपदर एवं वंकापारा गांव के नागरिकों को रेडियों सेट का वितरण किया गया। जिसका उदेश्य गाँव के लोगों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकास योजनायों के बारे में जानकारी मिल सके और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भी अपने घर बैठे सुन सके। साथ ही साथ एलारमडगु मोसलमडगु बोदराजपदर एवं वंकापारा गांव के नागरिकों को बीमारियों से रोकथाम के लिये सावधानी बरतने हेतु ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग सौ से अधिक ग्रामीण महिला, पुरूष एवं बच्चे लाभांवित हुए। ग्रामीणों में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। इस अवसर पर वाहिनी की ओर से स्नेह भोजन का आयोजन किया गया। वहीं इन क्षेत्रों में वाहिनी द्वारा विकास सम्बंधी किये गये कार्यों से आम ग्रामीणों में आशा की एक नई किरण जागृत हो रही है। इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी परिचालन निरज कुमार एवं गिर्राज प्रसाद मीना सहा. कमा. मौजूद थे।

### शारीरिक शोषण की शिकार हुई युवती के परिजनों से मिलने पहुंची महिला आयोग सदस्य

# पीड़ित परिवार को न्याय मिलने तक मैं चुप नहीं बैठूंगी : दीपिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कोंटा ब्लॉक के ढोंढरा पंचायत अंतर्गत गांव चिंतकोंटा में बीते दिनों एक युवती की मौत ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। मृतका की पहचान पुसम राजे के रूप में हुई है, जो बीते एक वर्ष से सुकमा में रह रही थी और रविवार को अपने गृह ग्राम लौटी थी। परिजनों के अनुसार घर पहुंचने के कुछ समय बाद ही उसकी तबियत बिगड़ने लगी, लेकिन उसने किसी भी परेशानी के बारे में कुछ नहीं बताया। देर शाम तक उसे कई बार उल्टियां हुईं। परिजनों ने हॉस्पिटल ले जाने की कोशिश की लेकिन युवती ने मना कर दिया। अगले दिन सुबह 4 बजे जब वह बाथरूम गई और काफी देर तक नहीं लौटी, तब परिजनों ने देखा कि वह बेहोश पड़ी थी। आनन-फानन में उसे कोंटा के एक आरएमपी डॉक्टर के पास ले जाया गया, लेकिन क्लीनिक बंद थी। इसके बाद उसे आंध्रप्रदेश के चित्तूर हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि युवती 8 माह की गर्भवती थी और कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने केस को कोंटा थाने को सौंप दिया है। शव का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया।

पिता पुसम रामा, माता पुसम वीरा, बड़े भाई पुसम कन्ना, छोटे भाई पुसम लक्ष्मैया और बड़ी बहन पुसम बाजारी ने इस घटना को दुखद बताया और न्याय की मांग की है। उनका कहना है कि हमारी बेटी को किस हाल में वापस लाया गया, हमें कुछ नहीं बताया गया, बस अब यही चाहते हैं कि उसे न्याय मिले और जो जिम्मेदार हैं उन्हें सजा मिले।

#### राज्य महिला आयोग सदस्य पहुंचीं मृतक के गांव

घटना की गंभीरता को देखते हुए राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका सोरी बुधवार को अपनी महिला टीम के साथ चिंतकोंटा गांव पहुंचीं और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिलाया कि मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाएगी और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा, ₹यह न सिर्फ एक बेटी की मौत है, बल्कि हमारे समाज की चुप्पी पर भी सवाल है। यदि कोई व्यक्ति इस युवती की परिस्थिति के लिए जिम्मेदार है, तो वह कानून की पकड़ से नहीं बचेगा। मैं स्वयं जिला प्रशासन और पुलिस से लगातार संपर्क में हूं और सुनिश्चित करूंगी कि इस परिवार को न्याय मिले।₹ उन्होंने यह भी कहा कि महिला आयोग इस तरह की घटनाओं को गंभीरता से लेता है और हर स्तर पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। आयोग की सदस्य दीपिका के साथ कोंटा की अन्नपूर्णा घोष,अन्नपूर्णा दुबे,आशा हलधर,कृष्ण कुमारी,व्ही नरेश,सुनील कुमार ने भी मृतिका के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी।

#### परिजनों से मिलकर भावुक हुईं दीपिका

कोंटा के चिन्तकोंटा ग्राम में खुदकुशी कर अपने जीवन का अंत करने वाली 24 वर्षीय आदिवासी युवती के परिजनों से मिलकर बहुत ही भावुक हो गई राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी तो वहीं युवती के पिता भी दीपिका को देखकर रोने लगे,दीपिका ने उन्हें भरोसा दिलाते हुए कहा कि मैं भी आपकी बेटी की ही तरह हूँ मुझे अपने परिवार का सदस्य ही समझिए और मैं आपको भरोसा दिलाती हूँ कि आपकी बेटी के जीवन को बर्बाद करने व उसे इस स्तिथि में लाने की वो अपने जीवन का अंत करने पर मजबूर हो गई उसका पता लगाकर उसे सजा दिलाने तक मैं चुप नहीं बैठूंगी जल्द ही आपको न्याय मिलेगा।

# स्वास्थ्य टीम घर-घर जाकर कर रहे मलेरिया की जांच

### मरीजों को तुरंत मिल रहा उपचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ शासन के मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत जिले में 12वें चरण की शुरुआत की गई है। इस परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन में जिले के सभी चार विकासखंडों में यह अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा है। अभियान के लिए जिले में कुल 217 स्वास्थ्य टीमों का गठन किया गया है, जो गांव-गांव और घर-घर जाकर मलेरिया की जांच कर रही हैं।

■ विकासखंड स्तर पर विशेष निगरानी टीम बनी गई

इसके अंतर्गत स्वास्थ्य कर्मियों की टीम मलेरिया की रैपिड डायग्नोस्टिक किट से लोगों की जांच कर रहे हैं। और यदि कोई व्यक्ति मलेरिया पॉजिटिव पाया जाता है, तो उसे तुरंत निःशुल्क दवाएं देकर उपचार शुरू किया जा रहा है। साथ ही, मरीजों और उनके परिजनों को आवश्यक परामर्श भी दी जा रही है कि वे बीमारी की गंभीरता को समझें और सावधानी बरतें। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. देशदीप ने इस संबंध में जानकारी दी कि मलेरिया संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। काटने के 8-10 दिन बाद मरीज को तेज बुखार, सर्दी और कंपकंपी जैसे लक्षण महसूस होते हैं। समय पर इलाज मिलने पर यह बीमारी गंभीर नहीं होती, लेकिन जागरूकता और परामर्श अत्यंत आवश्यक है। इस अभियान की गुणवत्ता जांच एवं पर्यवेक्षण के लिए जिला और विकासखंड स्तर पर विशेष निगरानी टीमें बनाई गई हैं। ये टीमें प्रतिदिन स्वास्थ्य कार्यों की निगरानी कर रही हैं ताकि किसी भी स्तर पर कोई चूक न हो और हर जरूरतमंद तक समय पर इलाज पहुंचे।

# सरपंच संघ ने समस्याओं को लेकर कलेक्टर से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सरपंच संघ गीदम ने कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा से मिलकर उन्हें ग्राम पंचायतों के समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य, पूर्व निर्मित स्कूल व आंगनबाड़ी की जर्जर हालत, बारिश के समय विभिन्न पंचायतों में आवागमन बाधित होने जैसी समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने उक्त समस्याओं के तत्काल निराकरण कराने की बात कही। इस प्रतिनिधि मंडल में जनपद अध्यक्ष शकुंतला भास्कर, सरपंच संघ के अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ पोडीयाम, मंडल अध्यक्ष सुदराम भास्कर, शैलेश अटामी, बृजेश कड़की, डीमन नेताम, लक्ष्मण नेताम,शिवानी कश्यप, रमेश कुमार कश्यप, घासी राम कश्यप, प्रमिला सुराना, संध्या शुक्ला, सीमा कोवासी शर्मिला भास्कर, मोतीराम सोरी कोरकोटी सरपंच सहित कई ग्राम पंचायत के सरपंच उप सरपंच मौजूद रहे।

# फसल बीमा का अऋणी कृषक 31 जुलाई तक ले सकते है लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




कार्यालय कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला प्रशासन खरीफ सीजन के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं, असमय वर्षा, सूखा, ओलावृष्टि, कीट प्रकोप और अन्य जोखिमों से फसल को होने वाली क्षति के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। योजना का उद्देश्य किसानों की आय को स्थिरता प्रदान करना और खेती को एक सुरक्षित व लाभकारी व्यवसाय बनाना है।

इस योजना के अंतर्गत बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। ऋणी कृषकों का बीमा संबंधित वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वचालित रूप से कर दिया जाएगा, बशर्ते उन्होंने खरीफ के लिए फसल ऋण लिया हो। लेकिन अऋणी कृषकों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए स्वयं पहल करनी होगी। उन्हें निर्धारित तिथि से पहले अपने नजदीकी ग्राहक सेवा केंद्र (सीएससी) सेंटर में जाकर बीमा कराना आवश्यक होगा। इसके साथ ही अऋणी कृषकों के लिए कुछ आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति, स्वयं के नाम की भूमि रिकॉर्ड की प्रति, बुआई प्रमाण पत्र, सक्रिय बैंक खाते की प्रति जिसमें खाता संख्या और ईएफएससी कोड तथा निर्धारित प्रीमियम राशि लेकर बीमा केंद्र में उपस्थित होना अनिवार्य रहेगा। इसके अलावा खरीफ फसलों के लिए बीमा प्रीमियम बीमांकित राशि का केवल 2 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। सिंचित धान के लिए 960 रुपये प्रति हेक्टेयर तथा असिंचित धान के लिए 840 रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से बीमा प्रीमियम निर्धारित किया गया है। गौरतलब है कि यह योजना बहुत ही कम प्रीमियम में किसानों को अधिकतम बीमा सुरक्षा प्रदान करती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह प्राकृतिक आपदा, सूखा, ओलावृष्टि, बाढ़, कीट व रोगों के प्रकोप जैसी आपदाओं से फसल को हुई क्षति की भरपाई करती है। इसके अलावा कटाई के बाद खेत में पड़ी फसल को नुकसान पहुंचने की स्थिति में भी किसान दावा कर सकते हैं। स्थानीयकृत आपदाएं जैसे जलभराव, भूस्खलन, ओलावृष्टि आदि भी बीमा के दायरे में आती हैं। फसल को नुकसान होने की स्थिति में किसान को 10 दिनों के भीतर टोल फ्री नंबर 1800-209-5959 पर या मोबाइल ऐप अथवा वेबसाइट के माध्यम से जानकारी देनी होती है, ताकि दावा प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके।

कृषि विभाग के उपसंचालक सूरज पंसारी ने इस संबंध में बताया कि खरीफ 2024 में दंतेवाड़ा जिले के 3,232 किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कुल 9,09,02,670 (नौ करोड़ नौ लाख दो हजार छह सौ सत्तर रुपये) का फसल बीमा मुआवजा प्राप्त किया था, जो इस योजना की सफलता और किसानों को होने वाले लाभ का स्पष्ट प्रमाण है। जिले के समस्त अऋणी कृषकों से कृषि विभाग द्वारा अपील की गई है कि वे इस योजना का लाभ उठाकर अपनी मेहनत की फसल को सुरक्षित करें। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए किसान अपने ग्राम पंचायत, कृषि विभाग, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी या नजदीकी ग्राहक सेवा केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

# रेडियो जॉकी बनने की ओर जिले के युवाओं ने बढ़ाया कदम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

नवोदित प्रतिभाओं को मंच देने और उन्हें संप्रेषण कौशल में दक्ष बनाने के उद्देश्य से नवा दंतेवाड़ा रेडियो स्टेशन द्वारा रेडियो जॉकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। यह प्रशिक्षण 9 जुलाई से 29 जुलाई तक चलेगा। यह कार्यक्रम विकास अनुसंधान संस्थान, दंतेवाड़ा के तत्वावधान में एवं डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट लाइवलीहुड कॉलेज सोसाइटी दंतेवाड़ा के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक कलेक्टोरेट परिसर स्थित नवा दंतेवाड़ा रेडियो स्टेशन में संपन्न हो रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के 20 चयनित युवाओं को रेडियो प्रेजेंटेशन, आवाज की तकनीक, कंटेंट निर्माण, साक्षात्कार की कला, स्क्रिप्ट लेखन एवं स्टूडियो संचालन आदि की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। रेडियो के माध्यम से युवाओं को संवाद कौशल, आत्मविश्वास और जनसंचार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का उद्देश्य इस पहल के मूल में है। गौरतलब है कि इस रेडियो जॉकी प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी अत्यंत उत्साहित हैं और वे इसे अपने लिए एक सुनहरा अवसर मान रहे हैं। इस अभिनव प्रयास से स्थानीय युवाओं को मीडिया क्षेत्र में करियर की दिशा में मार्गदर्शन मिल रहा है।

### बीजापुर में 30 हजार से अधिक परिवार आवास प्लस सर्वे में हुए शामिल

**बीजापुर।** जिले से एक ऐतिहासिक आकड़ा निकलकर सामने आ रहा है, ऐसा पहली बार हुआ है कि माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में नक्सली दहशत को किनारा कर शासन की योजनाओं से जुड़ने ग्रामीण परिवारों ने सर्वे में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई है। हम बात कर रहे हैं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत कराये गए आवास प्लस सर्वे 2.0 की। वर्ष 2018 में तैयार की गई आवास प्लस की सूची में छूटे हुए पात्र परिवारों को सर्वे में शामिल करने मोर दुवार - साय सरकार थीम पर प्रदेश भर महाअभियान चलाया गया। जिले में कुल 30 हजार 186 परिवार इस सर्वे में शामिल हुए है। इस सर्वे की महत्वपूर्ण बात यह है कि 2018 में जहां 117 ग्राम पंचायतों में ही सर्वे किए गए थे, वहीं इस बार जिले में कुल 170 ग्राम पंचायतों में से 165 ग्राम पंचायतों में सर्वे कार्य पूर्ण किया गया है।

# तहसीलदार ने पदाधिकारियों को दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में शिशु भारती व कन्या भारती का गठन मनोनयन पद्धति से किया गया। भैया बहनों में नेतृत्व क्षमता का विकास हो इस हेतु शपथ समारोह का आयोजन किया गया। शपथ समारोह के मुख्य अतिथि किशन मिश्रा तहसीलदार गीदम ने मां भारती, ओम, सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पूजा अर्चना की व शपथ ग्रहण का शुभारंभ किया। इस दौरान बहनों ने मातृ वंदना प्रस्तुत किया। इसके बाद नवगठित शिशु भारती के पदाधिकारी ने अतिथि महोदय का तिलक वंदन अक्षत श्रीफल पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। सभी पदाधिकारी भैया बहनों को शपथ दिलाई गई। अतिथि महोदय ने शपथ दिलाने के बाद भैया बहनों को उनके दायित्वों का बोध कराया और कहा कि मैं भी सरस्वती शिशु मंदिर बिलासपुर से अध्ययन किया हूं सरस्वती शिशु मंदिर संस्कार अनुशासन के लिए जाने जाते हैं आप सब आगे बढ़िये और विद्यालय व माता-पिता का नाम रोशन करिए। अपने दायित्वों को जवाबदारी के साथ लगन निष्ठा के साथ पूर्ण करिए। आभार प्रदर्शन विद्यालय के आचार्य दशरथ मंडावी ने किया।

**नाम परिवर्तन की सूचना**

दिनांक- 09/07/2025

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार अशवन्तीन दुग्गा ASHWANTIN DUGGA पति रामजीराम दुग्गा RAMJIRAM DUGGA, निवासी ग्राम- चपेली, तहसील- चारामा, जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.) के मतदाता परिचय पत्र में अशवन्तीन दुग्गा ASHWANTIN DUGGA पति रामजीराम दुग्गा RAMJI-RAM DUGGA अंकित हैं, मेरे पक्षकार के नाम पर जारी आधार कार्ड में, मेरे पक्षकार का नाम अश्वनी बाई ASHVANI BAI पति-रामजी राम RAMJI RAM त्रुटिवश दर्ज किया गया है, जिसे सुधारा जाकर अशवन्तीन दुग्गा ASHWANTIN DUGGA पति रामजीराम दुग्गा RAMJIRAM DUGGA लिखा एवं पढ़ा जाने के आशय का शपथ-पत्र दिनांक- 03/07/2025 को मेरे पक्षकार द्वारा अनुविभागीय दण्डाधिकारी भानुप्रतापपुर, जिला- उ. ब. कांकेर (छ.ग.) के समक्ष निष्पादित करवाया गया है। अस्तु आज दिनांक के पश्चात से, मेरे पक्षकार के आधार कार्ड में, मेरे पक्षकार का नाम अशवन्तीन दुग्गा ASHWANTIN DUGGA, पति- रामजीराम दुग्गा RAMJIRAM DUGGA किया जावें तथा पहचाना जावें।

**रीतिक गुप्ता (अधिवक्ता)**
**पता- वार्ड नं. 10 संबलपुर तहसील - भानुप्रतापपुर जिला - उ. ब. कांकेर (छ.ग.)**
**मो. नं. 9098406706**

## खबर संक्षेप

### निगम प्रशासन की अनुमति के बगैर होर्डिंग्स, फ्लैक्स नहीं लगा सकेंगे

**जगदलपुर।** शहर में अब निगम प्रशासन के अनुमति के बगैर अगर कोई भी फ्लैक्स-पोस्टर्स या होर्डिंग्स लगाता है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। साथ ही बिना अनुमति के अपने दुकानों में लगाए गए विज्ञापन होर्डिंग,पोस्टर सहित स्वागत फ्लैक्स लगाने वाले 12 दुकानदारों को निगम ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है और संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर बड़ी चालानी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अब राजनीतिक दलों को भी अपने नेताओं के स्वागत वाले पोस्टर्स होर्डिंग लगाने के पहले निगम से अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। राजस्व विभाग के सभापति संग्राम सिंह राणा ने ने साफ कहा है कि शहर की सुंदरता को नुकसान होर्डिंग और फ्लैक्स लगा कर किया जा रहा है जो कि अनुचित है और पूरे शहर में लगे फ्लैक्स, पोस्टर्स और डिवाइडर में लगे बैनर को हटा दिया जाएगा और आगे लगाने वालों पर बड़ी चालानी कार्रवाई करते हुए उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।

उपलब्धि : केंद्रीय मंत्री ने देश की 95 खदानों को दिया रेटिंग पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र

# भारतीय खान ब्यूरो ने मेटाबोदली खदान को बेहतर प्रदर्शन पर फाइव स्टार रेटिंग से नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय खान ब्यूरो द्वारा राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में 2023-24 में बेहतर प्रदर्शन करने वाली देश के कुल 95 खदानों को फाइव स्टार रेटिंग पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र केंद्रीय मंत्री कोयला एवं खान जयकिशन रेड्डी द्वारा दिया गया। जिसमें कांकेर जिले की जायसवाल नीको समूह की मेटाबोदली लौह अयस्क खदान भी पुरस्कृत हुई।




भारत सरकार खान मंत्रालय द्वारा दिया जाने वाला फाइव स्टार रेटिंग पुरस्कार सर्वोच्च पुरस्कार है। 2023-24 सत्र में बेहतर कार्य करने वाली देश की कुल 95 खदानों में 24 लौह अयस्क की खदानों को पुरूस्कृत किया गया। पुरस्कृत खदानों में जायसवाल निको समूह की मेटाबोदली लौह अयस्क खदान जिला कांकेर छत्तीसगढ़ शामिल है। मेटाबोदली लौह अयस्क खदान को लगातार तीसरी बार फाइव स्टार रेटिंग पुरस्कार से नवाजा है। वैज्ञानिक और कुशल खनन, अनुमोदित उत्पादन का अनुपालन, शुन्य अपशिष्ट खनन, पर्यावरण संरक्षण, प्रगतिशील और अंतिम खदान बंद करने के लिए उठाये गए कदम, ऊर्जा सोर्सिंग, भूमि, अंतर्राष्ट्रीय मानको को अपनाना, खदान के आस पास के गावों का सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत विकास कार्य तथा हर ऐसे मानकों पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया हो। निको समूह की ओर से टी प्रसन्ना कुमार अध्यक्ष खदान, उपाध्यक्ष खदान डॉ. शिवादेव उपाध्याय, महाप्रबंधक खदान रूपक दत्ता, नितिन वाथ-उपमहाप्रबंधक खदान, कृषणकांत उपमहाप्रबंधक खदान एवं सुनील कुमार कसार प्रबंधक खदान ने उपरोक्त पुरस्कार मंत्री से प्राप्त किए। आयोजित समारोह में केंद्रीय मंत्री के अलावा मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार भजन लाल शर्मा, खान नियंत्रक एवं ऑफिस इंचार्ज, भारतीय खान ब्यूरो पीयूष नारायण शर्मा तथा भारतीय खान ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारी, खान मालिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कंपनी के चेयरमैन अरविंद जायसवाल, प्रबंध निर्देशक रमेश जायसवाल, समूह निर्देशक अवनिश जायसवाल तथा कार्यकारी निर्देशक संग्राम स्पेन ने माइनिंग विभाग की टीम के सदस्यों को इस विशेष उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएं दिया है। ऐसे ही निरंतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## सामाजिक सरोकार और सादगी के साथ विधायक सावित्री ने मनाया जन्मदिन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मण्डावी ने अपना जन्मदिन इस वर्ष चारामा नगर की स्वच्छता दीदियों को साड़ी, श्रीफल और पौधे भेंट करके मनाया। इससे सभी दीदियों के चेहरे पर प्रसन्नता देखने को मिली। विधायक ने कहा कि स्वच्छता दीदियों का परिश्रम हमारे समाज को स्वस्थ और स्वच्छ बनाता है। यह छोटा सा सम्मान मेरी ओर से उनके अथक योगदान के प्रति आभार का प्रतीक है। इसके साथ ही पौधे देकर हम सभी को पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदारी निभाने का संदेश दे रहे हैं। विधायक ने दीदियों से सीधे संवाद कर उनके कार्य और समस्याओं की जानकारी भी ली। उन्होंने भरोसा दिलाया कि स्वच्छता कर्मियों के हित में हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। विधायक इसके उपरांत शासकीय बालक आश्रम सिरसिदा पहुँची, जहां बच्चों व स्टाफ वालों के संग अपनी जन्मदिन बहुत ही सादगी के साथ मनाया। इस दौरान बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी बच्चे हमारे कल की भविष्य हैं। इसलिए पूरे तन्मयता के संग अपने कार्यक्षेत्र में आगे बढ़े, खूब मन लगाकर पढ़ाई कर अपने माता-पिता, गुरुजनों व क्षेत्र का नाम का नाम रोशन करें। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विधायक ने आश्रम परिसर में वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज, गौ सेवा आयोग के पूर्व सदस्य नरेन्द्र यादव, किशोर नेताम, प्रेमलता सुखदेवे, हिरवेन्द्र साहू, कमलेश रानू सेन पार्षद, महेन्द्र नायक केएल मरकाम, कृष्णा, सौरभ तारम, नंदकुमार देवांगन, रवि मंगतानी , कार्यकर्तागण, बच्चे व स्टाफ उपस्थित थे।

## सरकार की प्राथमिकता बच्चे पढ़कर शाला और शहर का नाम करें रोशन : अरूण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




- प्राथमिक माध्यमिक शाला भंडारीपारा में शाला प्रवेशोत्सव

प्राथमिक माध्यमिक शाला भंडारीपारा में शाला प्रवेश उत्सव हर्ष व उल्लास के साथ नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। नव प्रवेशी बच्चों तिलक गुलाल लगाकर तथा मुंह मीठा कर कक्षा पहली तथा छठवीं के नव प्रवेशी बच्चों को स्कूल बैग पाठ्य पुस्तक व गणवेश का वितरण किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष ने बच्चों से कहा कि नियमित स्कूल आकर अच्छे से पढ़ाई करे और अपने शाला व परिवार का नाम रोशन करें व अच्छे नागरिक बने। स्कूल ही एक ऐसा मंदिर है, जहां पर जो शिक्षा मिलती है, उसे अपने जीवन में उतरकर अपना भविष्य बना सकते हैं। समर्पित भाव से अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें। नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव ने सभी पालकों व बच्चों को प्रवेश उत्सव की शुभकामना देते हुए पालकों को छात्रों को नियमित स्कूल भेजने का अनुरोध किया व उन्होंने कहा कि अध्यक्ष द्वारा कांकेर के विकास के लिए सतत प्रयासरत है। शाला के भवन सहित अन्य कोई भी समस्या हो तो उसका वे उचित प्रयास कर शीघ्र निराकरण करेंगे। भंडारीपारा पार्षद के पुत्र किशन यादव ने शाला के विकास के लिए जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी, उसे पूरा करने हेतु आश्वसत किया।

खंड शिक्षा अधिकारी केआर सिन्हा ने उपस्थित पालक शिक्षक व छात्रों को शासन की योजना के तहत समस्त सुविधाएं देने व अध्यापन पर विशेष ध्यान देते हुए बच्चों का भविष्य बनाने समर्पण भाव से काम करने कहा व समस्या को लेकर प्राककलन तैयार कर उच्च कार्यालय भेजनें कहा। स्वागत प्रतिवेदन देते हुए संस्था के प्रधान अध्यापक हेमेंद्र साहसी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था के छात्रा कनिका मानिकपुरी द्वारा विकासखंड कांकेर में प्रथम स्थान प्राप्त करने की जानकारी देते हुए बताया की शिक्षक समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। संस्था की कुछ समस्याएं हैं, जिसमें शाला भवन अति जर्जर है, जिसमें कक्षा संचालित नहीं हो पाती है। नए भवन की आवश्यकता, शौचालय,बाउंड्री वॉल, प्रार्थना शेड, स्मार्ट क्लास की मांग पर नगर पालिका अध्यक्ष ने शीध्र समस्याओं के निराकरण करवाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर बीआरसी डी के भास्कर, कीर्ति धनकर, सविता यादव, शंभू शोरी, कमलेश साहू, टैश्वर सिन्हा, अंजलि गुना, शिक्षक चंद्रजय मरकाम, सीबी मरकाम, श्रेया कोरे सहित बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे।



## पॉवर क्रिकेट क्लब लोहत्तर ने किया प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

पॉवर क्रिकेट क्लब लोहत्तर के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति प्रतिभावान छात्रों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण तथा नवोदय विद्यालय में चयनित छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी व उपयोगी सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया। 10वीं एवं 12वीं कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को पुरस्कार राशि प्रदान किया गया। पॉवर क्रिकेट क्लब के कोषाध्यक्ष प्रवीण दुग्गा ने कार्यक्रम की शुरुआत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्गुकोंदल विकासखंड की सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजली मंडावी ने मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए बताया कि दुर्गूकोंदल शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश स्तर पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बना रहा है। उन्होंने विभिन्न प्रवेश स्तर एवं छात्रवृत्ति परीक्षाओं में विकासखंड के सफल छात्रों का जिक्र करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को मोटिवेट किया। उन्होंने दुर्गुकोंदल को एक संस्कारी विकासखंड बनाने के लिए नैतिक शिक्षा के लिए पालकों, शिक्षकों एवं छात्रों से अपील की। विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता व्याख्याता ललित नरेटी द्वारा अलग अलग उदाहरण के माध्यम से छात्रों को मोटिवेट किया गया। समय प्रबंधन के लिए समस्त छात्रों को स्वयं के लिए समय सारणी बनाने सुझाव दिए। उनके द्वारा बच्चों के विभिन्न विषयों में कई संभावना के बारे में सविस्तार से जानकारी देते हुए बच्चों को खूब मन लगा के पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। हॉयर सेकेंडरी स्कूल लोहत्तर से वाणिज्य संकाय के सभी विद्यार्थियों के प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर वाणिज्य संकाय शिक्षक दीपक ठाकुर को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। नवोदय विद्यालय परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष प्रयासरत पॉवर क्रिकेट क्लब लोहत्तर के सदस्य और अतिथि शिक्षक सोनादाई नरेश गावड़े को भी मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। लोहत्तर सरपंच बसंती भालेशवर, जनपद सदस्य एवं शाला समिति के अध्यक्ष विकास राजू नायक, प्राचार्य एसएस नेगी, प्रधानपाठक आरके सोंगेड़, संकुल समन्वयक कोरेटी ने भी मेधावी छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर रितेश कुमार नाग, क्लब के सचिव नीरज कोसमा वरिष्ठ सदस्य सतीश जैन, वरिष्ठ सदस्य दिनेश ठाकुर, डुजान , रविन्द्र भालेश्वर, अजीत , सुनेश्वर गढ़िया, मुकेश कोमरा, फूलचंद बढ़ाई, सुखेन्द्र बढ़ाई, मिथलेश मंडावी, आमोश कोसमा, संजय तारम उपस्थित रहे।

## उल्लास साक्षरता कार्यक्रम की परीक्षा को लेकर तय की गई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



सितंबर 2025 एवं मार्च 2026 में आयोजित होनी वाली परीक्षा में असाक्षरों को शामिल करवाने के लिए कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर ने शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए जिम्मेदारी सौंपी गई है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसा अनुसार उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के तहत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का अध्ययन कराकर सितम्बर 2025 व मार्च 2026 में आयोजित परीक्षा में शामिल कराया जाना है। कलेक्टर ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को जल्द से जल्द असाक्षरों और स्वयं सेवी शिक्षको का उल्लास एप में एंट्री करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके साथ ही कक्षा संचालन, मॉनिटरिंग के लिए दिशा निर्देश दिया गया। आदर्श उल्लास केंद्र के लिए प्रत्येक ब्लॉक से प्रस्ताव एक सप्ताह के भीतर भेजने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर द्वारा ऐसे ग्राम पंचायत को चिन्हांकन करने कहा गया जो पूर्ण साक्षर की ओर अग्रसर है, जिसका प्रस्ताव राज्य शासन को भेजी जाएगा। स्मार्ट क्लास संचालन के लिए स्कूलों का चिन्हांकन, शाला त्यागी बच्चों का चिन्हांकन कर उल्लास कार्यक्रम में जोड़ना और 10 वीं 12 वी के बच्चों को स्वयं सेवी शिक्षक के रूप में पंजीयन करना, जिसके लिए बोर्ड परीक्षा में 10 अंक बोनस मिल सके। कलेक्टर द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को उल्लास शपथ दिलवाया गया।

### ये रहे उपस्थित

आयोजित बैठक में जिला परियोजना अधिकारी, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्रोत समन्वयक, जिला स्त्रोत व्यक्ति, डीसीएल प्रभारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला परियोजना अधिकारी पुष्पांजलि ठाकुर के द्वारा किया गया।

### जिले में अब तक 204.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सुकमा।** भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से शुरू की गई वर्षा मापन में अब तक सुकमा तहसील में 396.3 मिलीमीटर, कोण्टा तहसील में 273.6 मिलीमीटर, दोरनापाल तहसील में 216.2 मिलीमीटर, जगरगुण्डा तहसील में 141.7 मिलीमीटर, छिन्दगढ़ तहसील में 138.8 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 136.2 मिलीमीटर, और गादीरास तहसील में 126.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। इस प्रकार सुकमा जिले में अब तक 204.1 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। इस मानसून सत्र जिले में 1772.2 मिलीमीटर औसत वर्षा संभावित है। वर्षा प्रतिवेदन के आधार पर 9 जुलाई को सर्वाधिक वर्षा कोण्टा तहसील में 4.0 मिलीमीटर, सुकमा तहसील में 3.5 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 1.8 मिलीमीटर, छिंदगढ़ तहसील में 0.0 मिलीमीटर दर्ज, गादीरास तहसील में 0.0 मिलीमीटर, जगरगुण्डा तहसील में 0.0 मिलीमीटर, और दोरनापाल तहसील में 0.0 मिलीमीटर, की गई है। इस प्रकार 9.3 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है।

## कपड़े पर पेंटिंग के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की ओर रचनात्मक पहल



**भानुप्रतापपुर।** बच्चों और युवाओं में पर्यावरण के प्रति लगाव और संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से कच्चे निवासी वीरेंद्र सिंह ने विशेष पहल की शुरुआत की है। इस अभियान के अंतर्गत स्कूलों में जाकर कपड़े पर पेंटिंग के माध्यम से वृक्षारोपण और जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत कर रहे है। इन कलात्मक अभिव्यक्तियों के माध्यम से छात्रों को न केवल प्रेरित किया जा रहा है, बल्कि उन्हें पर्यावरण की रक्षा के लिए सक्रिय भागीदार भी बनाया जा रहा है। पेंटिंग्स के माध्यम से प्रकृति से जुड़ाव, पानी की महत्ता और पेड़ों के संरक्षण की आवश्यकता को उजागर किया जा रहा है।

युक्तियुक्तकरण व पुनरीक्षण कार्य की करनी होगी तैयारी

# बीएलओ को पुनरीक्षण की तैयारी के लिए दिया दो दिवसीय प्रशिक्षण, लक्ष्य भी मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



भानुप्रतापपुर विधानसभा के बीएलओ सुपरवायजरों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। भानुप्रतापपुर विधानसभा के ईआरओ और एसडीएम गंगाधर वाहिले एवं एईआरओ सुरेंद्र उर्वशा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण के दूसरे दिवस सुपरवायजर सर्किल क्रमांक 06 से 11 तक के बीएलओ और सुपरवायजरों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स टिकेश ठाकुर ने सभी बीएलओ को कहा कि आने वाले जुलाई अगस्त माह में सभी को मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण का कार्य एवं आगामी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की पूर्व तैयारी करनी होगी। इसके लिए सभी अपने अपने क्षेत्र के आंगनबाडी कार्यकर्ता पंचायत सचिव से संपर्क कर ऐसे मतदाताओं की सूची तैयार कर ले जो आगामी 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष के हो रहे हों और साथ ही साथ जिन मतदाताओं की मृत्यु हो गई है या विवाह आदि के कारण स्थायी रूप से ग्राम से बाहर चले गए हो उनकी भी सूची तैयार कर लें7 ताकि पुनरीक्षण के दौरान उन पर नाम जोड़ने और काटने की कार्यवाही पूरी की जा सके। उन्होंने सभी सुपरवायजरों को सतत रूप से अपने मतदान क्षेत्र के बीएलओ के संपर्क में रहकर प्रतिदिन आनलाइन आवेदनों की मानिटरिंग करने को कहा। विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स नुमश सोनी ने सभी बीएलओ आवेदन के बारे में विस्तार से समझाया और फार्म 6,7 और 8 की महत्ता को बताते हुए कहा कि अब यदि कोई विवाह होकर आने से उनका नाम फार्म 8 के माध्यम से ही शिफ्ट किया जाएगा पूर्व पते में जहां नाम होगा वहां का एपिक नंबर लेकर फार्म 8 भरे वह स्वतः वर्तमान पते पर आ जायेगा।

### सभी कार्य होंगे आनलाइन

निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर ने सभी नए बीएलओ को बताया कि अब निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी कार्य आनलाइन ही होगे। सर्वे के दौरान भी आप सबको आनलाइन बीएलओ रजिस्टर भरना होगा। इसी प्रकार त्रुटिरहित एवं स्वच्छ मतदाता सूची तैयार हो इसके लिए सभी मतदाताओं के साफ और स्पष्ट फोटो होने चाहिए किसी का फोटो अस्पष्ट हो तो उसे फार्म 8 के सहायता से बदला जा सकेगा। प्रशिक्षण में सुपरवायजर प्रदीप सेन, नितिन ध्रुव, हुबलाल सिन्हा, दसरूराम सिवाना, अमित डोंगरे एवं सभी बीएलओ उपस्थित रहे।

### बस्तर गोंचा पर्व निर्विघ्न संपन्न, आरण्यक ब्राह्मण समाज ने माना आभार

**जगदलपुर।** बस्तर गोंचा पर्व के निर्विघ्न संपन्नता पर 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे ने छत्तीसगढ़ शासन, जिला प्रशासन, नगर पालिक निगम एवं पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों और समस्त श्रद्धालुओं के प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। तथा आगामी दिनों में भी श्रीश्री जगन्नाथ मंदिर में आयोजित होने वाले पर्व त्योहारों में आगे भी सहयोग की अपेक्षा की है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

हाथी पांव
पैर में सूजन (हाथी पांव)
जैनाईटल फाईलेरियेसिस (जननांगों में सूजन)
DR. NIRVED JAIN
(PLASTIC SURGEON)
ब्लू वीनस प्लास्टिक सर्जरी
जीवन मेमोरियल हॉस्पिटल
7400558800

फेस लिफ्ट
• बोटाक्स
• फिलर
• थ्रेड लिफ्ट
• स्कीन पॉलिशिंग
• लेज़र फेशियल
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

NABH Entry Level
ओम हॉस्पिटल
आई सी यू विभाग
• जीरो इंफेक्शन युक्त आधुनिक 32 बेड आई.सी.यू
• अनुभवी एवं विशेषज्ञ गहन चिकित्सा टीम
• मेडिकल एवं सर्जिकल गहन चिकित्सा
• अत्याधुनिक मशीनों द्वारा देखभाल एवं ईलाज
• विशेष प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ
• रोड एक्सीडेंट्स, सभी प्रकार के ट्रामा एवं इमरजेंसी गहन चिकित्सा
• जहर, सर्पदंश इलेक्ट्रिक शॉक
• मस्तिष्क, गुर्दा रोग, फेफड़े लकवा एवं हड्डी संबंधित समस्याओ के लिए विशेष व्यवस्था
BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
03 नवंबर से 09 नवंबर 2025 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411